# एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

NTPC लिमिटेड, 67,907 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत् कंपनी है और विद्युत् उत्पादन व्यवसाय की पूरी मूल्य श्रृंखला में इसकी उपस्थिति है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने 2032 तक 130 गीगावॉट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

**एनटीपीसी नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार एक कंपनी सचिव की तलाश कर रही है:**

**पद का नाम:** कंपनी सचिव – 01 पद (**E8** – महाप्रबंधक स्तर पर)

**योग्यता:** आईसीएसआई के सदस्य (इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया)

**अनुभव प्रोफ़ाइल:** कंपनी सचिवीय अनुपालन के रूप में 23 वर्षों का अनुभव किसी प्रतिष्ठित सरकारी / सार्वजनिक / निजी कंपनी में, जिसमें से न्यूनतम 10 साल का अनुभव किसी बड़े आकार की कंपनी (जिसकी न्यूनतम प्रदत्त पूंजी ₹ 500 करोड़ या उससे अधिक हो) के साथ में होना चाहिए। आवेदक को संस्थागत वित्त, कंपनी कानून, कॉर्पोरेट और सचिवीय कार्यों से संबंधित मामलों का पूरा ज्ञान होना चाहिए। आवेदक को कंपनी अधिनियम और सेबी के नियमों और विनियमों के प्रावधानों और विनियमों से अच्छी तरह से अवगत होना चाहिए। उम्मीदवार को बोर्ड के मामलों को जैसे कि बोर्ड की बैठकों का आयोजन, बोर्ड ज्ञापनों / एजेंडा का प्रस्तुतीकरण का अनुभव होना चाहिए और उसने इन विषयों को स्वतंत्र रूप से संभाला हुआ होना चाहिए । उम्मीदवार के पास एक अच्छा प्रशासनिक और संपर्क स्थापित कर सकने का कौशल होना चाहिए। उम्मीदवार को कंपनी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कॉर्पोरेट कानूनों के तहत वैधानिक अनुपालन सहित एक बड़ी कंपनी में कंपनी सचिव की सभी जिम्मेदारियों का सामना करने की क्षमता होनी चाहिए। कानूनी डिग्री एक अतिरिक्त लाभ होगा।

**अनुभव आवश्यकता:** न्यूनतम 23 वर्षों का प्रासंगिक क्षेत्र में कार्यकारी कैडर में पद हेतु वांछित आवश्यक योग्यता के पश्चात, सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित निजी कंपनी में, जिनमें से ₹ 100000 – 260000 या उससे अधिक के पद और पैमाने पर 10 साल का अनुभव (एनटीपीसी के ई–7 ग्रेड आईडीए वेतनमान या अधिक जो 01.01.2017 से प्रभावी है।) या समकक्ष स्तर / पद रुपरेखा (पोस्ट प्रोफाइल)।

अधिकतम आयु सीमा: 57 वर्ष

**भर्ती के लिए स्तर / वेतनमान: E8-** महा प्रबंधक स्तर / (**1,20,000 – 2,80,000** रुपये)

**आरक्षण**

| पद का नाम | UR | EWS | OBC | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कंपनी सचिव | 01 | | | | | 01 |

**कंपनी सचिव के पद के लिए पहचाने गए प्रकार की विकलांगता:** a) B, LV, b) D, HH, c) OA, BA, OL, BL, OAL, CP, LC, Dw, AAV, MDy, d) MD जिसमें (a) to (c) शामिल है।

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित उम्मीदवार को जॉइन करने से पहले, एनटीपीसी के अस्पताल से चिकित्सा जांच से गुजरना होगा और ज्वाइन करने हेतु उपयुक्त पाया जाना होगा, एनटीपीसी के अस्पताल का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी तरह की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **(careers.ntpc.co.in)** पर उपलब्ध हैं।

**सामान्य शर्तें:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों / संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु / अनुभव आवश्यकता / योग्यता की सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से शुरू की जाएंगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक रूप से एक वैध ईडब्ल्यूएस / ओबीसी (एनसीएल) / एससी / एसटी / पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र, जैसा भी मामला हो, होना चाहिए।
5. यदि आवश्यक हो तो, बिना किसी और सूचना के और बिना किसी कारण के, आवश्यकता के आधार पर, कंपनी रिक्तियों की संख्या को रद्द करने / प्रतिबंधित / कटौती / बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है,
6. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पात्रता और ऊपर उल्लिखित अन्य मानदंडों को पूरा करता है, जैसा कि निर्दिष्ट तिथियों पर है और प्रस्तुत विवरण सभी मामलों में सही हैं।
   यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चला है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और / या उसने किसी भी गलत / झूठी जानकारी को प्रस्तुत किया है या किसी भी भौतिक तथ्यों को दबा दिया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वचालित रूप से रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त कमियों में से कोई भी कमी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाओं को बिना किसी सूचना के समाप्त किया जा सकता है। किसी भी रूप में सिफारिश करने से भी उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा।
7. केवल इस तथ्य के आधार पर कि एक उम्मीदवार ने जाहिर तौर पर विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया है तो उसे निश्चित रूप से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अथवा चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार किये जाने का अधिकार नहीं मिलेगा ।
8. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही और / या उसके जवाब में एक आवेदन केवल दिल्ली में स्थापित किया जा सकता है और दिल्ली में स्थापित अदालतों / ट्रिब्यूनलों / मंचों के पास ही ऐसे किसी भी कारण / विवाद सुनने या फैसला करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार–क्षेत्र होगा।
9. इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण के अलावा अन्य किसी भाषा के संस्करण में व्याख्या के कारण अस्पष्टता / विवाद होता है तो अंग्रेजी संस्करण में दी गई सूचना ही मान्य होगी।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए **careers.ntpc.co.in** हमारी वेबसाइट पर लॉग इन करना चाहिए या **www.ntpc.co.in** पर करियर अनुभाग पर जाना चाहिए। आवेदन का कोई अन्य साधन / तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। एनटीपीसी उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस हो जाने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को अद्वितीय पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण पर्ची डाउनलोड करने की आवश्यकता होती है। पंजीकरण पर्ची की प्रति भविष्य के संदर्भ के लिए उम्मीदवार द्वारा रखी जा सकती है।

डाक द्वारा हमें किसी दस्तावेज को भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि योग्य उम्मीदवार विज्ञापन के पूर्ण पाठ के माध्यम से जाएं और पद के लिए आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों।

**ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत: 28.01.2022**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 17.02.2022**

**Advt. No. 02/22**